दिन–रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 07 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

संसद का बजट सत्र इस महीने की बाईस तारीख से शुरू होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि बजट सत्र बारह अगस्त तक चलेगा। उन्होंने कहा कि केन्द्रीय बजट दो हजार चौबीस–पच्चीस लोकसभा में तेईस जुलाई को पेश किया जाएगा। श्री रिजिजू ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केन्द्र सरकार की सिफारिश पर बजट सत्र के लिए दोनों सदनों का सत्र बुलाने के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया है।

————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय में कल नीट–यूजी से संबंधित कई याचिकाओं पर सुनवाई होगी। इनमें नए सिरे से परीक्षा कराने की मांग की याचिकाएं भी शामिल हैं। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई वाद सूची के अनुसार मुख्य न्यायाधीश डी. वाई.चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ मामले की सुनवाई करेगी।

————————————————————————

राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में मॉनसून के प्रभाव से रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान बांका के शम्भूगंज में सबसे अधिक एक सौ इक्यानवें दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। वहीं, किशनगंज में एक सौ अड़तालीस, पश्चिम चंपारण के सिकटा में एक सौ पैंतालीस दशमलव छह, मुंगेर के तारापुर में एक सौ पैंतालीस दशमलव दो और पटना के अथमलगोला में एक सौ तेरह मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान अररिया, कटिहार, सुपौल, किशनगंज, दरभंगा, मधुबनी समस्तीपुर, वैशाली, पूर्वी और पश्चिम चंपारण जिले के अधिकांश क्षेत्रों

में बारिश को लेकर अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने अगले पाँच दिनों तक पूरे राज्य में मॉनसून के सक्रिय रहने की संभावना जताई है।

———————————————————————

इधर, हमारे संवाददाता ने बताया है कि पश्चिम चंपारण स्थित वाल्मीकिनगर गंडक बराज से कल देर रात तीन लाख बीस हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिससे कई इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। गंडक नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। बाढ़ की आशंका को देखते हुये स्थानीय प्रशासन ने संबंधित विभागों के कर्मियों को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है। साथ ही सभी अधिकारियों और कर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी है। अभियंताओं को विभिन्न तटबंधों की लगातार निगरानी का निर्देश दिया गया है। बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल राहत पहुंचाने की व्यवस्था की जा रही है। प्रशासन ने बगहा अनुमंडल को चार जोन में बांटकर जल संसाधन विभाग के अभियंताओं की प्रतिनियुक्ति की है। वहीं पूर्वी चंपारण और शिवहर के निचले इलाको में बाढ़ की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित स्थान पर जाने का परामर्श जारी किया है। इधर सुपौल से हमारे संवाददाता ने बताया है कि भीमनगर स्थित कोसी बराज से तीन लाख तीन हजार आठ सौ साठ क्यूसेक पानी छोड़े जाने से निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है।

———————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों और प्रदेश में हो रही बारिश के चलते कोसी, गंडक, महानंदा और परमान नदी उफान पर है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार महानंदा नदी का जलस्तर किशनगंज के तैयबपुर में चेतावनी के स्तर को पार कर गया है। नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी की प्रवृति बनी हुई है। इधर, सीतामढ़ी, में भारी बारिश से बागमती और अधवारा समूह की नदियां उफान पर है। बागमती नदी पाँच स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं, लालबकैया नदी बैरगनिया के बोहाबाड़ी में लाल निशान को पार कर गई है।

———————————————————————

पटना के पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय में रक्षा विज्ञान और योग की पढ़ाई जल्द ही शुरू होगी। राज्यपाल सह कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने विश्वविद्यालय की आठवीं सीनेट बैठक को सम्बोधित करते हुए ये बाते कही। श्री आर्लेकर ने कहा कि हमें ऐसी शिक्षा देने की जरूरत है जो समाज के अनुरूप हो।

———————————————————————

बक्सर के पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने ब्रह्मपुर थाने में शराब की पेटियां छुपाकर रखने के आरोप में दारोगा कन्हैया प्रसाद और एक पुलिसकर्मी विकास कुमार को सेवा से बर्खास्त कर दिया है। इन पुलिस कर्मियों ने पिछले वर्ष अठारह सितम्बर को छापेमारी के दौरान बरामद दो सौ अड़तीस बोतल शराब की पेटियों को थाने के दूसरे कमरे में छिपा दिया था।

———————————————————————

समाप्त